ज्ञानी कभी भटकेगा नहीं : डा. सुव्रत मुनि

उचाना/नरेन्द्र जेठी : श्रीएसएस जैन स्थानक उचाना मंडी में प्रवचन करते हुए उप प्रवर्तक डा. सुव्रत मुनि महाराज ने कहा कि ने कहा कि ज्ञान के अभाव में जीवन दर-दर की ठोकर खा रहा है। धागे वाली सुई कभी गुम नहीं होती, धागा अर्थात ज्ञान। ज्ञानी जीव भी कभी संसार में नहीं भटकेगा, लेकिन प्रश्न यह है कि ज्ञान पैदा कैसे हो। ठोकर खाने के बाद ज्ञान पैदा हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में ठोकर जरूर लगनी चाहिए। जीवन में लगी ठोकर हमें जगा कर जाएगी वो हमें बता कर जाएगी कि तेरा कौन अपना है कौन पराया है। दुख में तो सभी साथ छोड़ देते हैं पर सुख में तो सब साथ चलते हैं। हमें सबसे पहले अंदर को जगाना होगा। आज मनुष्य मोह माया के चक्कर में जीवन के उद्देश्य को भूल गया है।

दैनिक उत्तम हिन्दू

संक्षिप्त समाचार

संघ के राज्य सलाहकार दलबीर सिंह आल्याण को सम्मानित किया

नरवाना/नरेन्द्र जेठी : हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला जींद की ओर से संघ के राज्य सलाहकार दलबीर सिंह आल्याण मुख्याध्यापक की सेवानिवृत्ति पर उन्हें संघ की ओर से स्मृति चिन्ह, शाल और भारतीय संविधान देकर सम्मानित किया गया। दलबीर सिंह आल्याण राजकीय उच्च विद्यालय सुदकैन कला में मुख्यध्यापक के पद पर कार्यरत थे। शिक्षा विभाग में इनकी सेवा 31वर्षों तक रही। शिक्षा कार्य करते हुए इन्होंने अपनी मेहनत और ईमानदारी व पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया और संघ में जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर भिन्न-भिन्न पदों पर रहते हुए अपनी अहम भूमिका निभाई है।

डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता संस्था ने की लाडवा रसोई में सेवा

लाडवा/शिव लाल चालिया : डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता संस्था की ओर से लाडवा रसोई में सेवा की गई और रसोई के संचालक युवा सेठ संदीप गर्ग को उनके द्वारा समाज में किए जा रहे परोपकारी कार्य को लगातार सुचारू रूप से संचालित करने के लिए श्री गुरु रविदास जी महाराज और सविंधान शिल्पी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का संयुक्त चित्र प्रदान करके सम्मानित किया गया है। इस दौरान प्रधान मिस्त्री रमेश चंद चालिया, जय पाल, सोम नाथ, जगीर सिंह, इमन कुमार, धूप सिंह के इलावा अन्य मौजूद थे। संस्था के व्यक्तीयों ने महसूस किया है कि संदीप गर्ग पिछले कुछ वर्षों से समाज के हित में बिना किसी भेदभाव के सेवा करने काम जो किया जा रहा है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है।

जेएमआईटी कॉलेज में ऑनलाइन इग्नाइट-ए-थॉन प्रतियोगिता

रादौर/नीतीश जोगी : जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में नॉनस्टॉप इग्नाइट क्लब की ओर से ऑनलाइन इग्नाइट-ए-थॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हैकाथॉन उत्पाद पर आधारित केस, प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता शामिल रहे। आयोजन में पूरे भारत के कॉलेजों के 238 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्मार्ट-ए-थॉन में प्रथम स्थान टीम ऑप्टिमाइजर, वीआईटी भोपाल की टीम ने प्राप्त किया। वहीं दूसरा पुरस्कार टीम एयर, जेएमआईटी रादौर की टीम ने प्राप्त किया। टेकस्केप इवेंट में केपीआर इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता की विजेता सुश्री मेघा, जेएमआईटी सीएसई ने नकद पुरस्कार जीता। निदेशक डा. एसके गर्ग ने कहा कि संस्थान छात्रों के कौशल को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से इन अभिनव कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठकर देखा

रादौर/नीतीश जोगी : पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने गांव नागल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान सम्मान निधि का लाभ सीधे किसानों के खाते में भेजने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठकर देखा। वहीं प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ पहुंचाने का काम किया है। किसानों के खाते में सीधी राशि पहुंच रही है। जिससे किसानों को सरकार की योजना का लाभ मिला है। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री जगदीश मेहता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र कुमार, परमजीत, सतपाल आदि मौजूद रहे।

युवाओं को नशा न करने के लिए किया प्रेरित

हिसार/सुखविन्दर कौर : सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने युवाओं को नशा से बचाने के लिए मुहिम चलाई हुई है। इसके तहत 100 से भी अधिक कैंपों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि स्कूलों, खेल अकादमी, ग्राम सभा व कॉलेज आदि में जाकर जागरूक किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस नशा से ग्रस्त युवाओं को काउंसलिंग के माध्यम से जागरूक किया गया। तम्बाकू के दुष्परिणाम के बारे मे जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि तम्बाकू के बहुत नुकसान है जिनमें, कैंसर का होना, मुंह व पेट मे छाले होना, गुर्दे खराब होना, बालों का झड़ना, सफेद मोतिया का होना, शुक्राणु की संख्या कम होना तथा दांतों के खराब होने का खतरा रहता है।

शिव गुरुकुलम में प्रतियोगिता

उचाना/नरेन्द्र जेठी : शिव गुरुकुलम छात्तर के प्राथमिक विभाग की गतिविधियों का प्रदर्शन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। पेंटिंग, कटिंग, पेस्टिंग, डांस व योगासन का शानदार प्रदर्शन नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य अजीत कुमार गौतम ने धूम्रपान निषेध दिवस पर सभी विद्यार्थियों को जीवन में धूम्रपान न करने का संदेश देते हुए कहा कि धूम्रपान के कारण लाखों लोग प्रतिवर्ष मौत के शिकार होते हैं। हुक्का या नशा हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा नहीं हो सकता।

लोकायुक्त हरियाणा ने 1 करोड़ के गबन पर मांगी थी फाइनल जांच रिपोर्ट

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री पटल पर अपलोड कर दी फर्जी रिपोर्ट

» विकास कार्यों की जांच के नाम पर सरकार को गुमराह करने वाले अधिकारियों ने किया अजीबोगरीब कारनामा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
कलायत/रणबीर राणा

हरियाणा के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा गड़बड़ी की शिकायतों के मद्देनजर विभाग के 80 अधिकारियों-कर्मचारियों के केस दर्ज करने के लिए दिए गए लिखे गए पत्र का बड़ा असर कलायत विधानसभा में भी देखने को मिल सकता है। यदि प्रभावी तौर से कार्रवाई होती है तो इसमें मुख्य रूप से करीब दो वर्षों से गांव ब्राह्मणीवाला में करीब एक करोड़ रुपए की धांधली का मामला गर्माना तय है क्योंकि वर्ष 2020 से स्वयं ब्लाक समिति के निवर्तमान सदस्य सुरेंद्र कुमार प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गृह मंत्री अनिल विज, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एसडीएम, लोकायुक्त हरियाणा, एडीसी कैथल, निदेशक पंचायती राज और विभिन्न स्तरों पर जांच की मांग करते आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकायुक्त द्वारा इस मामले में पंचायत राज विभाग और जांच अधिकारियों से 5 जुलाई 2022 तक अंतिम रिपोर्ट मांगी गई है, लेकिन इस मामले में कड़ी कार्रवाई की आहट के चलते पंचायत राज अधिकारियों ने इस मामले को नया मोड़ दे दिया है। शिकायतकर्ता के अनुसार वे निरंतर जांच की मांग कर रहे हैं, जबकि अधिकारियों ने शासन-प्रशासन को गुमराह करने के लिए मुख्यमंत्री पटल शिकायत नंबर 051366, 039194 व 077268 में शिकायतकर्ता द्वारा कार्रवाई न करवाने की फर्जी रिपोट अपलोड कर दी है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा प्रिय पोर्टल, आरटीआई व दूसरे माध्यमों से एकत्रित करीब एक करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का ब्यौरा पंचायती राज विभाग के रिकार्ड से मेल नहीं खा रहा है। स्टेट विजीलैंस के साथ-साथ कई बड़े अधिकारी मामले की जांच को समय-समय पर गांव पहुंच चुके हैं। बावजूद इसके पंचायती राज के अधिकारी 1 करोड़ के विकास कार्यों का न तो मौका मुआयना करवा पा रहे हैं और न ही इसका विवरण स्पष्ट हो रहा। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उन्होंने विकास कार्यों की आड़ में तत्कालीन सरपंच द्वारा व्यापक स्तर पर गबन करने के मामले की शिकायत साक्ष्यों के साथ एक वर्ष पहले पंचायत राज निदेशक को की थी।

कलायत के गांव बाह्मणीवाला का सुरेंद्र कुमार शिकायत की प्रति दिखाते हुए।

2 मार्च को गांव आई थी विजीलैंस

दो मर्तबा विभागीय जांच के बाद शिकायतकर्ता के संतुष्ट न होने पर शीर्ष अधिकारियों ने मामले की गंभीर स्थिति के मद्देनजर जांच की जिम्मेवारी स्टेट विजिलेंस को सौंपने का फैसला लिया। इसके तहत 2 मार्च 2022 को स्टेट विजिलेंस अधीक्षक अभियंता ईश्वर सिंह की अगुवाई में जांच टीम गांव पहुंची थी। उन्होंने मामले की संजीदगी को देखते हुए एकाउंट और कुछ दूसरे एक्सपर्ट अधिकारियों की टीम के साथ पुनः गांव आने का भरोसा दिलाया था। उस दौरान शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार ने सरपंच, पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के सामने रिकार्ड में दर्शाए गए ब्यौरे अनुसार विकास कार्यों का मिलान करवाने की मांग की थी।

देवी अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

सिरसा/कृष्ण तिवाड़ी : जिला रैडक्रास सोसायटी सिरसा द्वारा महान सामाजिक कार्यकर्त्ता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 297वें जन्मदिवस पर गांव नाथूसरी कलां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर डा0 मोहन लाल कासनियां द्वारा अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती मन्नी देवी धर्मपत्नी स्व. सुलतान सिंह कासनियां की स्मृति में आयोजित करवाया। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। हर व्यक्ति अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी शर्मा ने बताया कि आज पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स ने निकाली नशामुक्ति यात्रा

पानीपत/राम मेहर कौशिक : हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स हरियाणा के राज्य मुख्यालय निर्देशानुसार जिला पानीपत में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी कम जिला चेयरमैन कुलदीप दहिया के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छाजपुर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसमें अध्यापकों एवं छात्रों ने नशामुक्ति यात्रा का आयोजन किया। सभी अध्यापकों एवं बच्चों ने इसमें भाग लिया। यात्रा के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया एवं इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया। जिला सचिव विनोद वत्स ने बताया की नशामुक्ति यात्रा का आयोजन जिला कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा विभिन्न विद्यालयों एवं गांव में किया जा रहा है।

तंबाकू उत्पादक कंपनियों पर लगे बैन फिर न होगा बांस और न बजेगी बांसुरी

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
कलायत/रणबीर राणा

विश्व तंबाकू निषेध दिवस उपलक्ष्य में उप मंडल नागरिक अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके साथ ही इलाके के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों बारे जानकारियां दी गई। अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी एसएमओ डा.आशीष गोयल ने बताया कि धूम्रपान से मुंह-गले, बच्चेदानी और फेफड़े कैंसर से ग्रसित होते हैं। इसके कारण हर वर्ष देश भर में 80 लाख लोग अकाल मौत का ग्रास बन रहे हैं। धूम्रपान वातावरण के लिए भी नुकसान दायक है। धुआं शुद्ध वातावरण को बिगाड़ने का काम करता है। स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश उचाना ने कहा कि धूम्रपान के कारण तंबाकू कंपनियां बड़ा मुनाफा कमाती हैं, जबकि आम आदमी बर्बादी की राह पर चलता है। इस मंजर से लोगों को सजग होने की जरूरत है। पूर्णत धूम्रपान पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को अविलंब इसका उत्पादन करने वाली कंपनियों को बंद करना चाहिए। फिर न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी। इस अवसर पर डा. अजय कुमार, डा.प्रमोद सैनी, प्रेम सिंह, श्रवण कुमार, नरेश कुमार, जिले सिंह, रणदीप सिंह, अनिल कुमार, संतोष देवी, सूचना सहायक नरेंद्र बूरा, पूनम, रामकली, निर्मला आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कर रही प्रेरित : मेघना श्रीवास्तव

फरीदाबाद/मनोज तोमर

फरीदाबाद नगर निगम का महापौर पद महिला के लिए आरक्षित होने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव ने हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण के पक्ष में है और मेयर का पद महिला के लिए आरक्षित होना एक सराहनीय पहल है, जिसके लिए वह प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताती है। यहां जारी प्रैस बयान में मेघना श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व की सरकारें महिलाओं को केवल कागजों में आगे बढने के लिए प्रेरित करती थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से केंद्र व प्रदेश में बनी है, तब से हर क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी बढ़ी है, फिर चाहे वह खेलकूद हो, प्रशासनिक अधिकारी हो या फिर राजनैतिक क्षेत्र, हर मामले में महिलाओं को उनकी सक्षमता के अनुसार आगे बढने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मेयर जैसे बड़े पद पर किसी महिला का विराजमान होना, बड़े ही सम्मान की बात है।

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में अध्यापकों के लिए कार्यशाला

सोनीपत/दिनेश कुमार

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में गत कई दिनों से अध्यापकों के लिए विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में पढ़ाने के नए व प्रभावी तरीक़े अध्यापकों को सिखाए जा रहे है जिन्हें अपनाकर वो विद्यार्थी को हर तरह से आगे बढ़ने में सहायक होंगे। इसी कड़ी में 31 मई को कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल पैट्रन ब्रिगेडियर ओ पी चौधरी ने अध्यापकों को बताया कि कैसे पढ़ाने की योजना को तैयार किया जाता है जिससे कि कक्षा प्रभावी हो और विद्यार्थी उसमे रूचिपूर्ण व सक्रिय रहे। उन्होंने प्रभावी पाठ योजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा आज के समय में सिर्फ किताबी ज्ञान नही बल्कि अन्य तरीकों की जानकारी भी जरूरी है। उन्होंने पुस्तकालय जाकर विभिन्न पुस्तकें पढ़कर ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मोहिता जुनारकर ने क्षमता पर आधारित शिक्षा पर अपने विचार प्रकट किए। प्रधानाचार्या डॉ किरण दलाल ने ब्रिगेडियर ओ पी चौधरी व मोहिता का धन्यवाद किया।

पारदर्शिता के साथ पात्र तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : उपायुक्त

सिरसा/कृष्ण तिवाड़ी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से मंगलवार को शिमला से गरीब कल्याण सम्मेलन में देशवासियों से सीधा संवाद किया। जिला सिरसा में गरीब कल्याण सम्मेलन का आयोजन चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया, जिसमें उपायुक्त अजय सिंह तोमर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुए। आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 13 विभागों की करीब 16 स्कीमों के लाभार्थियों ने शिरकत की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जिला में बेहतर क्रियान्वयन के साथ पारदर्शिता से पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

मंदिर के गर्भ गृह का लैंटर डालने का कार्य शुरू

पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा

श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की देखरेख में संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में निर्माण कार्य के चौथे चरण के दौरान मंगलवार को गर्भ गृह का लैंटर डालने का कार्य शुरू किया गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी के मार्गदर्शन में महंत विश्वनाथ गिरी ने इस कार्य की शुरुआत की। मंत्रोच्चारण के साथ विद्वान ब्राह्मणों एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गर्भ गृह का लैंटर डालने का कार्य शुरू किया गया। मंदिर सेवा दल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि मेलों के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए गर्भ गृह के बाहरी नक्शे में बदलाव किया गया है। लेंटर 24 फीट ऊंचा रखा जाएगा ताकि भीड़ के दौरान इसमें ऊमस या गर्मी पैदा ना हो। इसके अलावा गर्भ गृह के आसपास सटे कमरों व पुरानी दीवारों को भी यहां से हटाया गया है,ताकि यहां जगह खुली हो सके। इससे श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करके चारों तरफ की परिक्रमा कर सकेंगे। इसके साथ ही गर्भ गृह से बाहर निकलने के लिए निकासी द्वारों की संख्या भी बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि गर्भ गृह के दाहिनी और माता बगलामुखी एवं हनुमान जी का मंदिर स्थापित किया जाएगा।

चुनावों को लेकर सभी कार्यकर्त्ताओं को उनकी ड्यूटी सौंपी

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
फरीदाबाद/मनोज तोमर : आम आदमी पार्टी के साउथ जोन अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच ने मंगलवार को जिला कार्यालय पर अहम बैठक ली। धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में एवं बीर सिंह सरपंच की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फरीदाबाद की जिला कार्यकारिणी उपस्थित रही। इस अवसर पर बीर सिंह सरपंच ने नगर परिषद चुनावों को लेकर सभी कार्यकर्त्ताओं को उनकी ड्यूटी सौंपी एवं कहा की जिले एवं विधानसभा के कार्यकर्त्ता पार्टी के विस्तार एवं नीतियों को लेकर बहुत मेहनत से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी पूरी तरह से तैयार है पार्षद एवं मेयर के चुनाव सिंबल पर लड़े जाएंगे। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस लें और लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा की प्रतिदिन आम आदमी पार्टी का कुनबा बढता जा रहा है और हरियाणा में दूसरी पार्टियों के दिग्गज आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि नगर परिषद् चुनावो में पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

महक जैन ने यूपीएससी परीक्षा में 17वां रैंक हासिल कर बढ़ाया फरीदाबाद का मान : सुमित गौड़

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
फरीदाबाद/मनोज तोमर : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में फरीदाबाद के सैक्टर-16 में रहने वाली महक जैन ने देशभर में 17वीं रैंक हासिल करके जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने आज सैक्टर-16 स्थित निवास पर पहुंचकर महक जैन को उनकी इस उपलब्धि पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और कामना की कि जिस प्रकार उन्होंने अपने नाम के अनुरूप अपना और अपने परिवार का नाम रोशन किया है, उसी प्रकार अपने कार्यो से वह फरीदाबाद जिले का नाम भी गौरवान्वित करेंगी। श्री गौड़ ने कहा कि महक जैन एक उदाहरण है, उन छात्र-छात्राओं के लिए जो मुश्किलों में कमजोर हो जाती है, इस बेटी ने असफलता से हार नहीं मानी बल्कि निरंतर प्रयास किया और तीसरी बार में उन्होंने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करके इतिहास रचा। सुमित गौड़ ने महक जैन पिता मैकेनिकल इंजीनियर प्रदीप जैन, उनके टीचर्स व अन्य परिजनों को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी। इसके अलावा सुमित गौड़ ने सेक्टर-15ए के निवासी केके मित्तल की बेटी अर्चिता मित्तल की 188वीं रैंक, फरीदाबाद की रहने वाली आशिमा गोयल के 320वीं रैंक व दिल्ली की श्रुति शर्मा के टॉपर बनने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

» कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने फरीदाबाद में यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले छात्राओं को दी बधाई

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, गुड़गांव-सैक्टर 29 द्वितीय मंजिल, एससीओ-319, सैक्टर-29, गुड़गांव हरियाणा-122001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षीकृत (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षीकृत अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ऋ) और ग्रांटर(ऋ) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा फिजीकल कब्जा **'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र.	ऋणदाता (ऋ)/सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ऋ) के साथ परिचित बाधा यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	दलीप कुमार (ऋणदाता) सुषमा (सह-ऋणदाता) ऋण खाता संख्या NHRW100000836477	सम्पत्ति मकान नं. 3751, मोहल्ला बाला सराय रेवाड़ी हरियाणा 123505 में स्थित।	रु. 5,055,391/- (जैसे 27 मई, 2022 तक)	रु. 30,00,000/- / रु. 3,00,000/-	29 जून 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	01 जुलाई 2022 को सायं 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **30 जून 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, गुड़गांव सैक्टर 29 द्वितीय मंजिल, एससीओ-319, सैक्टर-29, गुड़गांव हरियाणा-120001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **30 जून 2022 सांय 4.00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, गुड़गांव सैक्टर 29 द्वितीय मंजिल, एससीओ-319, सैक्टर-29, गुड़गांव हरियाणा-120001** पर **30 जून 2022 सांय 5 बजे** से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेडी'** के पक्ष में **गुड़गांव** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या **7021072869** पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: जून 01, 2022
स्थान: रेवाड़ी

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड